उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश : जबलपुर
!! ज्ञापन !!

क्रमांक B/1826 / से0पु0वे0नि0 जबलपुर, दिनांक 23/03/2017
चार–12–23/08

प्रति,

....,

....,

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश,

जबलपुर ।

विषयः– कम्प्यूटर प्रशिक्षण के फलस्वरूप अग्रिम वेतनवृद्धि पर वेतन निर्धारण बावत् वचन–पत्र प्रस्तुत करने के संबंध में ।

–"–

निर्देशानुसार, उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि रजिस्ट्री के विभिन्न आदेशों के द्वारा आपको निर्धारित पात्रता दिनांक से एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्वीकृत की गई है । उक्तानुसार आपका मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2009 के अंतर्गत निर्धारित पात्रता दिनांक से वेतन पुनर्निर्धारण किया जा रहा है ।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त वेतन निर्धारण के संबंध में वांछित वचन–पत्र (ज्ञापन के साथ संलग्न) तत्काल पूर्तिकर सहायक सेवा–पुस्तिका एवं वेतन निर्धारण (पेंशन अनुभाग) में प्रस्तुत करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके ।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार ।

(व्ही0एन0एस0 ठाकुर)
ओ0एस0डी0 (लेखा)

<u>वचन–पत्र</u>

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा WP No. 14007/2016 में पारित के निर्णय दिनांक 07.09.2016 के पालन में एवं रजिस्ट्री के आदेश क्रमांक ———————— दिनांक ——————— के अनुसार मुझे दिनांक .... से एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्वीकृत की गई है । जिसके फलस्वरूप दिनांक——————से मेरे पुराने वेतन निर्धारण को निरस्त करते हुए कार्यालय द्वारा मेरा जो नया वेतन नियतन (मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम, 2009 के प्रावधानों के अंतर्गत) किया गया है, यह वेतन नियतन अनन्तिम (Provisional) है । मैं वचन देता/देती हूँ कि मैं राज्य शासन को वह संपूर्ण राशि जो कि वेतन नियतन में विसंगति या अन्य किसी कारण से मुझे अधिक भुगतान की गई हो, शासन के निर्देशों के अनुरूप निर्धारित राशि वापस करूंगा/करूंगी तथा इस प्रकार की राशि मेरे वेतन, देय स्वत्वों से जिनमें पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण की राशि भी सम्मिलित है, काटी जा सकेगी । मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि यदि उक्तानुसार मेरे द्वारा देय राशि को मैं लौटाने में असमर्थ रहता /रहती हूँ तो इस देय राशि की वापसी के लिये मैं अपने उत्तराधिकारियों, निष्पादकों, प्रतिनिधियों और समनुदेशितियों को आबद्ध करता/करती हूँ । मैं यह भी सहमति देता/देती हूँ कि मेरे द्वारा देय राशि मुझसे राजस्व की बकाया के रूप में वसूल कर ली जावे ।

साक्षीः–	हस्ताक्षर शासकीय सेवक
हस्ताक्षरः–	पदनाम
पताः–	स्थान
दिनांकः–	दिनांक